**Press Release - Date: March 17, 2026 (Hindi & English)**

Office of Brijmohan Agrawal, Member of Parliament, Raipur, Lok Sabha

# कैब की बढ़ती कीमतों (Surge Pricing) से बड़ी राहत! ओला-उबर के एकाधिकार को खत्म करेगा 'भारत टैक्सी' ऐप; छत्तीसगढ़ में जल्द होगी शुरुआत - बृजमोहन अग्रवाल

- ड्राइवर या 'सारथी' केवल गिग-वर्कर्स नहीं, बल्कि भारत के सबसे बड़े सहकारी आंदोलनों में से एक के हितधारक (Stakeholders) होंगे। - **अमित शाह**
- 1 मार्च 2026 तक, भारत टैक्सी के पास 21.34 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ता (users) और 2.31 लाख पंजीकृत सारथी (Drivers) हैं। - **अमित शाह**
- भारत टैक्सी सेवा वर्तमान में 8 शहरों में चालू है और अगले तीन वर्षों में इसका विस्तार टियर 2 और टियर 3 शहरों में करने का लक्ष्य है। - **अमित शाह**

***नई दिल्ली:*** *दैनिक यात्रियों और गिग-वर्कर्स को बड़ी राहत देने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार* ***'भारत टैक्सी'*** *ऐप को तेजी से बढ़ावा दे रही है। यह एक सहकारी-आधारित (Cooperative-based) राइड-हेलिंग विकल्प है, जिसे ओला, उबर और रैपिडो जैसे निजी एग्रीगेटर्स के दबदबे को चुनौती देने के लिए तैयार किया गया है।*

*लोकसभा सत्र के दौरान रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को उत्तर देते हुए, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस प्लेटफॉर्म के विजन को रेखांकित किया। शाह ने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि इसे कॉर्पोरेट क्षेत्र के समान विकास के अवसर मिल सकें और पूरी दुनिया के सामने एक सफल सहकारी उदाहरण पेश किया जा सके।*

> *"यात्री अचानक बढ़ती कीमतों से तंग आ चुके हैं, और हमारे ड्राइवर भारी कॉर्पोरेट कमीशन के कारण परेशान हैं। भारत टैक्सी का सहकारी मॉडल इस रोजमर्रा के संकट का एक सटीक और पारदर्शी समाधान है। मैं माननीय अमित शाह जी से औपचारिक अनुरोध करके छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत में तेजी लाऊंगा।"* ***- बृजमोहन अग्रवाल***

## ओला, उबर और रैपिडो का एकाधिकार होगा खत्म

वर्षों से, निजी एग्रीगेटर्स को दोनों पक्षों (ड्राइवर और यात्री) से भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियाँ नियमित रूप से भारी कमीशन वसूलती हैं—जो अक्सर ड्राइवर की मेहनत की कमाई का **25% से 30%** हिस्सा खा जाती हैं। वहीं दूसरी ओर, यात्रियों को मनमाने 'सरज प्राइसिंग' (Surge Pricing) का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

बढ़ते दैनिक खर्चों के बीच, हवाई अड्डों पर निजी कैब द्वारा वसूला जाने वाला अत्यधिक किराया एक बड़ा सिरदर्द बन गया है, जहाँ उड़ान उतरते ही कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत टैक्सी को इन कमियों को सीधे दूर करने के लिए बेहतर ढंग से डिजाइन किया गया है। ड्राइवरों को सशक्त बनाकर और यात्रियों को दैनिक मूल्य शोषण से बचाकर, भारत टैक्सी ऐप शहरी आवागमन (Urban Mobility) में क्रांति लाने और भारत के डिजिटल सहकारी परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

## BIG RELIEF FROM CABS' SURGE PRICING! ‘Bharat Taxi’ App to Break Ola-Uber Monopoly; Chhattisgarh to Get it Soon - Brijmohan Agrawal

- **Drivers or Sarathis will be stakeholders in one of the largest cooperative movement in India, Not Just Gig Workers - Amit Shah in Lok Sabha**

- **As on 1st March, 2026, Bharat Taxi has 21.34 lakh registered users and 2.31 lakh registered Sarathis - Amit Shah**

- **Bharat Taxi service is functional in 8 cities and targets to expand its service Tier 2 and Tier 3 cities over the next three years - Amit Shah**

**New Delhi, 17 March 2026:** In a major move to provide relief to daily commuters and gig-workers, the Central government is aggressively pushing the **'Bharat Taxi'** app—a cooperative-based ride-hailing alternative designed to challenge the dominance of private aggregators like Ola, Uber, and Rapido.

Responding to a vital query by Raipur MP Brijmohan Agrawal during the Lok Sabha session, Union Minister of Cooperation Amit Shah outlined the platform's vision. Shah emphasized that the Modi government is deeply committed to strengthening the cooperative movement in India, ensuring it receives the same growth opportunities as the corporate sector and setting a successful cooperative example for the entire world.

> *"Passengers are fed up with sudden price hikes, and our drivers are suffering due to heavy corporate commissions. The cooperative model of Bharat Taxi is the perfect, transparent solution to this everyday crisis. I will expedite its launch in Chhattisgarh by officially requesting Hon'ble Amit Shah ji,"* **- Agrawal stated.**

### Ending the Ola, Uber, and Rapido Monopoly

For years, private aggregators have faced severe backlash from both ends of the spectrum. Companies like Ola, Uber, and Rapido routinely charge hefty commissions—often eating up 25% to 30% of a driver's hard-earned money. Meanwhile, passengers bear the brunt of arbitrary surge pricing.

In the context of rising daily expenses, the **extortionate fares charged by private cabs at airports have become a major pain point,** with prices skyrocketing the moment flights land. Bharat Taxi is designed to be better by directly addressing these flaws. By empowering drivers and protecting passengers from daily price exploitation, the Bharat Taxi app is poised to revolutionize urban mobility and redefine India's digital cooperative landscape.

**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3944**
**मंगलवार, 17 मार्च, 2026/26 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तरार्थ**

**भारत टैक्सी को शुरू करना**

†3944. **श्री बृजमोहन अग्रवालः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'भारत टैक्सी' का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रमुख राष्ट्रीय सहकारी समितियों का विलय निजी एग्रीगेटर्स के पारंपरिक 'चालक-भागीदार' मॉडल से 'सारथी-मालिक' मॉडल की ओर किस प्रकार एक बदलाव को दर्शाता है;

(ग) यह मॉडल सहकारी समिति के विस्तार और व्यवहार्यता को बनाए रखते हुए 'सारथियों' की समृद्धि को किस प्रकार सुनिश्चित करता है;

(घ) 'भारत टैक्सी' की 'सारथी दीदी' विशेषता का ब्यौरा क्या है तथा यह विशिष्ट पहल परिवहन क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार और अकेली महिला यात्रियों की सुरक्षा संबंधी दोहरी चुनौतियों का समाधान किस प्रकार करती है;

(ङ) 'भारत टैक्सी' के अंतर्गत आने वाले प्रमुख शहरों का ब्यौरा क्या है और शहर-वार आंकड़े क्या हैं और रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर जैसे शहरों में भविष्य के विस्तार की क्या योजना है;

(च) 'भारत टैक्सी' ऐप और 'भारत टैक्सी' चालक ऐप के लिए अब तक सभी प्लेटफार्मों पर दर्ज किए गए ऐप डाउनलोड की संख्या कितनी है; और

(छ) क्या सरकार सारथियों के लिए 'टिप' (बख्शीश) सुविधा शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क), (ख) और (ग) सहकारिता मंत्रालय रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और जमीनी स्तर पर आर्थिक भागीदारी के साधन के रूप में सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । भारत टैक्सी की परिकल्पना चालकों- जिन्हें *सारथियों* के रूप में संदर्भित किया जाता है, को स्वामित्व, शासन और मूल्य निर्माण के केंद्र में रखकर मोबिलिटी के क्षेत्र में एक रूपांतरणकारी पहल के रूप में की गई है जिससे एग्रीगेटर-चालित मॉडल के लिए एक संधारणीय और सम्मानजनक विकल्प प्रदान किया जा सके । "भारत टैक्सी" भारत का पहला सहकारी नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है । यह 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना के अनुरूप

सहकारी क्षेत्र को सशक्त करने और समावेशी, नागरिक-केंद्रित मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के चल रहे प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर है । बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत, भारत टैक्सी की स्थापना दिनांक 6 जून, 2025 को सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले राष्ट्रीय स्तर के 8 संस्थानों द्वारा की गई है जिसे आधिकारिक रूप से दिनांक 5 फरवरी, 2026 को लॉन्च किया गया । भारत टैक्सी पारंपरिक "चालक-भागीदार " मॉडल से "सारथी-मालिक" मॉडल में परिवर्तन है जिसमें सारथी सहकारी समिति के मालिक बन सकते हैं, प्रबंधन बोर्ड में प्रतिनिधित्व कर सकते हैं और लाभ साझाकरण में भाग ले सकते हैं । भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म शून्य-कमीशन मॉडल पर काम करता है जिसमें सारथियों को मुनाफे का सीधा वितरण होता है जो निवेश-चालित एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म का एक घरेलू और स्वदेशी विकल्प प्रदान करता है । भारत टैक्सी में पारदर्शी किराया संरचना, उपयोगकर्ता अनुकूल मोबाइल राइड-बुकिंग इंटरफेस, रियल-टाइम वाहन ट्रैकिंग और बहुभाषी इंटरफेस समर्थन के साथ-साथ 24/7 ग्राहक सहायता है जिससे सारथियों को प्लेटफॉर्म के संधारणीय विकास को सुनिश्चित करते हुए सहकारी स्वामित्व में भाग लेने में सक्षम बनाया जा सके ।

(घ) भारत टैक्सी ने सारथी के रूप में महिलाओं के रोजगार को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने हेतु महिलाओं को महिला-चालित टैक्सी विकल्प किराए पर लेने की सुविधा प्रदान करने के अलावा एसओएस, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और समर्पित 24*7 ग्राहक सहायता जैसी सुरक्षा सुविधाओं को शामिल करते हुए महिला-केंद्रित 'सारथी दीदी' फीचर लॉन्च किया है ।

(ङ) अभी तक भारत टैक्सी सेवा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ एवं द्वारका में काम कर रही है । भारत टैक्सी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में देश भर में टियर 2 और टियर 3 शहरों में चरणबद्ध तरीके से अपनी सेवा का विस्तार कर तहसील स्तर तक सेवाएं प्रदान करना है ।

(च) दिनांक 1 मार्च, 2026 तक, भारत टैक्सी के 21.34 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ता और 2.31 लाख पंजीकृत सारथी हैं ।

(छ) भारत टैक्सी, सारथी कल्याण के लिए अनेक यात्री जुड़ाव सुविधाओं की तलाश कर रही है जिसमें एप्लिकेशन के भीतर सारथी के लिए स्वैच्छिक टिप (बख्शीश) देने की विकल्प की संभावना भी शामिल है ।

******

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF COOPERATION**

**LOK SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO. 3944**
**TO BE ANSWERED ON 17 MARCH 2026**

## Launching of Bharat Taxi

**3944. Shri Brijmohan Agrawal:**

Will the Minister of COOPERATION (**सहकारिता मंत्री**) be pleased to state:

(a) the details of "Bharat Taxi";

(b) the manner the amalgamation of major national cooperatives represent a shift from the traditional "driver-partner" model of private aggregators to a "Sarathi-owner" model;

(c) the manner this model ensure the prosperity of the "Sarathis" while maintaining the expansion and viability of the cooperative;

(d) the details of the "Sarathi Didi" feature of the Bharat Taxi including the manner this specific initiative address the dual challenges of women's employment in the transport sector and the safety concerns of solo female passengers;

(e) the details of the key cities under "Bharat Taxi", city-wise data and the plan for future expansions in cities like Raipur, Bilaspur, Jagdalpur etc.;

(f) the number of App downloads that have been recorded till date for Bharat Taxi App & Bharat Taxi Driver on across all platforms; and

(g) whether the Government is planning to introduce the tip feature for the Sarathis, if so, the details thereof

**ANSWER**

**THE MINISTER OF COOPERATION**
**सहकारिता मंत्री (SHRI AMIT SHAH)**

(a), (b) & (c) The Ministry of Cooperation is committed to empowering cooperatives as instruments of employment generation, social security and grassroots economic participation. Bharat Taxi is envisaged as a transformative intervention in the mobility sector by placing drivers—referred to as *Sarathis*—at the centre of ownership, governance, and value creation, thereby offering a sustainable and dignified alternative to aggregator-driven models. "Bharat Taxi" is India's first cooperative-led ride-hailing platform. This is a major milestone in the

Government of India’s ongoing efforts to strengthen the cooperative sector and promote inclusive, citizen-centric mobility solutions, in line with the vision of *‘Sahkar se Samriddhi’*. Registered under the Multi-State Cooperative Societies Act, 2002, Bharat Taxi was established on 6 June 2025 by 8 national level institutions working in field of cooperatives and officially launched on 5th February, 2026. Bharat Taxi is a transition from the conventional “driver-partner” model to a “Sarathi-owner” model wherein drivers can become owner of the cooperative society, have representation in Board of Management and participate in profit sharing. The Bharat Taxi platform operates on zero-commission model, with direct distribution of profits to drivers, offering a homegrown and indigenous alternative to investment-driven aggregator platforms. Bharat Taxi has transparent fare structure, a user-friendly mobile ride-booking interface, real-time vehicle tracking, and support for multilingual interfaces, along with 24/7 customer support to enable sarathis to participate in cooperative ownership while ensuring sustainable growth of the platform.

(d) Bharat Taxi has launched women-focused ‘Sarthi Didi’ feature to encourage women’s employment as drivers and enhance safety for women passengers by facilitating women to hire women-driven taxi options besides incorporating safety features like SOS, live location tracking and dedicated 24*7 customer support.

(e) As of now the Bharat Taxi service is functional in Delhi NCR – Delhi, Gurugram, Noida, Faridabad, Ghaziabad and in Ahmedabad, Rajkot, Somnath & Dwarka of Gujarat. Bharat Taxi targets to expand its service in a phased manner across Tier 2 and Tier 3 cities offering services upto tehsil levels across the country over the next three years.

(f) As on 1st March, 2026, Bharat Taxi has 21.34 lakh registered users and 2.31 lakh registered Sarathis

(g) Bharat Taxi is exploring several passenger engagement features for driver welfare including the possibility of a voluntary tipping option for Sarathis within the application.

******